# खास-खबरें

## कंजर गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** जिले में कंजर गिरोह द्वारा की जा रही चोरी एवं लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अनुभाग जावरा एवं अनुभाग आलोट की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। कार्रवाई के दौरान कंजर गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 4 लाख रुपए का चोरी गया मशरूका बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जावरा संदीप मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आलोट श्रीमती पल्लवी गौर के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान थाना ताल के वर्ष 2014 एवं 2015 के लूट के प्रकरणों में फरार स्थाई वारंटी धारालाल पिता नाहरसिंह कंजर को गिरफ्तार किया गया। साथ ही थाना रिंगनोद क्षेत्र में कस्बा रिंगनोद से चोरी हुई भैंसे तथा ग्राम कलालिया से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद करते हुए चोरी की घटनाओं में शामिल कंजर गिरोह के दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद किया गया है।

## नेत्रों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म

**गंजबासौदा।** स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से प्रति मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है । यह शिविर स्व.रामचंद्र राव अग्निहोत्री की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया।कैंप प्रभारी जीतू पाठक लखन कुशवाह ने बी पी एवम शुगर की जाँच की काउंसलिंग रणवीर सिंह बघेल ने की इस अवसर पर वैधराज निहाल सिंह पंथी ने शुगर की आयुर्वेदिक दवाई का वितरण भी किया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा एवं डॉ. ब्रज शर्मा ने 175 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 47 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क्रे लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी जीतू पाठक के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 26 चश्मों का वितरण किया। ट्रस्ट के मिलन बघेल ने 75 मरीजों को दवाइयाँ वितरित की 27 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे है।

## मुक्तिधाम की भूमि का हुआ सीमांकन

**विदिशा ( निप्र )।** जिले की लटेरी तहसील के ग्राम आनंदपुर में मुक्तिधाम की भूमि को लेकर स्पष्टता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तहसीलदार हेमंत अग्रवाल की उपस्थिति में भूमि का सीमांकन कराया गया। राजस्व अमले द्वारा मौके पर भूमि की सीमा निर्धारित कर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। तहसीलदार हेमंत अग्रवाल ने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को मुक्तिधाम की निर्धारित भूमि की सीमा समझाई तथा भविष्य में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति से बचने के लिए सीमांकन का पालन करने के निर्देश दिए।

## 182 बालिकाओं को लगाई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय



ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 11 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 182 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा।

## आईटीआई में निःशुल्क केरियर काउंसलिंग कॉर्नर का हुआ शुभारंभ

**विदिशा ( निप्र )।** स्थानीय आईटीआई में नि:शुल्क केरियर काउंसलिंग कॉर्नर का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों की करियर संबंधी समस्याओं का समाधान करना है। आईटीआई प्राचार्य सुश्री कविता रघुवंशी ने बताया कि वर्तमान स्थिति में 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में सबसे अधिक समस्या अपने करियर विकल्प को चुनने की होती है एवं सही मार्गदर्शन नहीं मिलने की स्थिति में वे जीवन में बेहतर नहीं कर पाते हैं। इसी परिदृश्य को देखते हुए ये पहल प्रारंभ की गई है। नि:शुल्क करियर काउंसलिंग कॉर्नर में प्रत्येक बुधवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आए हुए विद्यार्थियों को नि:शुल्क करियर मार्गदर्शन दिया जाएगा एवं उन्हें उनकी योग्यता अनुरूप बेहतर करियर विकल्प बताए जाएंगे। नि:शुल्क करियर काउंसलिंग कॉर्नर की सुविधा प्रत्येक बुधवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक शासकीय आईटीआई विदिशा न्यू जज कालोनी के पास गुरारिया हवेली रोड कालापाठा विदिशा में उपलब्ध रहेगी।

## कन्या महाविद्यालय में जैविक खेती पर संपन्न कार्यशाला में 60 छात्राओं को दिया प्रशिक्षण व किट

**विदिशा ( निप्र )।** स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए वर्मीकंपोस्ट एवं जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. बी.डी. अहिरवार के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें जैविक खेती (ऑर्गेनिक फार्मिंग) और वर्मीकंपोस्ट (केंचुआ खाद) निर्माण की तकनीकी जानकारी प्रदान करना रहा। यह कार्यक्रम एप्को भोपाल के प्रायोजन से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ छात्राओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना भी रहा। इस अवसर पर 60 छात्राओं का पंजीयन कर उन्हें प्रशिक्षण किट भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में नीरज रघुवंशी, सीईओ नर्मदवाहिनी ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी तथा विवेक राय सीईओ मध्य क्षेत्र समृद्ध कंसोर्टियम भोपाल उपस्थित रहे। विवेक राय ने छात्राओं को केंचुआ खाद बनाने की विधि, आवश्यक कच्चा माल जैसे कृषि अपशिष्ट और गोबर तथा इसके रखरखाव की जानकारी प्रायोगिक रूप से दी। कार्यक्रम का संचालन ईको क्लब संयोजक राम आशीष यादव ने किया। इस अवसर पर सह-संयोजक श्रीमती नीतू दांगी, सचिव डॉ. शांता अहिरवार सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं स्टाफउपस्थित रहा। कार्यशाला के पश्चात छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में स्थित वर्मीकंपोस्ट पिट का भ्रमण कराया गया।

### कर्जा लेने की जरूरत नहीं, अब बेटी बोझ नहीं ...

# सरकार विवाह से पहले और बाद के सभी खर्च उठा रही : विधायक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** बुधवार को 123 बेटियां ने जहां वैदिक मंत्रों के साथ अग्नि के सात फेरे लेकर विवाह स्वीकार किया तो वहीं 76 बेटियों ने कुरान पाक की आयतो के साथ निकाह कुबूल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सामुहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचकर वर वधुओं को आशिर्वाद दिया।

विवाह और निकाह सम्मेलन पंडित महादेव शर्मा एवं शहर काजी युसूब अंसारी के द्वारा धार्मिक रितीरिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह योजना के तहत वर वधुओं को 49 हजार रूपये के चैक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में भोजन वितरण के उपरांत वर वधुओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा निर्धन परिवारों की कन्याओं के लिए सामुहिक विवाह सम्मेलनों का शुभारंभ किया गया था इस योजना से लाखों कन्याओं के हाथ पीले हो चुके है योजना का लाभ सभी वर्ग की बेटियों को मिल रहा है अब किसी को भी बेटी के विवाह के लिए कर्ज लेने की



जरूरत नहीं है वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने पुत्र का विवाह भी मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन में कर समाज को सर्वोत्सम संदेश दिया था। विवाह के बाद भी नवविवाहित वर वधुओं को भाजपा सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ मिलेगा। नगर पालिका परिषद और सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन का आयोजन पीजी कालेज मैदान पर किया गया। कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत के द्वारा सम्मेलन स्थल पर हिंदू मुस्लिम वर वधूओ के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई। मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का मंच पर स्वागत किया गया।

विधायक सुदेश राय और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने वर वधुओं को श्रीमदभागवत गीता पुस्तक देकर विवाह की बधाई शुभकामनाऐं दी। तत्पश्चता मुस्लिम पंडाल में पहुंचकर निकाह की मुबारकबाद भी दी गई। मंच पर भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री प्रीति सोनी नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता और कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत,नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार,सामाजिक न्याय विभाग जिला अधिकारी महेश यादव एवं पार्षदों के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह सम्मेलन अंतर्गत शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि के चैक वर वधुओं को प्रदान किए गए।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री प्रीति सोनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की योजनाओं से समाज के गरीब तबके को होने वाले लाभों की जानकारी दी। अंत में कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। सकुशल रूप से वधुओं की विदाई दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वर वधुओं के परिजन और नगर पालिका परिषद और सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति के संबंध में गैस वितरकों की बैठक संपन्न

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलाम :** बुधवार को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती मिशा सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष मे रतलाम शहर के एलपीजी गैस वितरकों की बैठक ली गई।



बैठक में बताया गया कि जिले में गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है इधर भले ही प्रशासन दावा कर रहा है कि गैस की किल्लत नहीं है मगर लोगों को गैस कनेक्शन के काउंटर पर चक्कर लगाते देखे गए। घरेलू गैस की कालाबाजारी भी इन दोनों बढ़ गई है।

बैठक में बताया गया कि रेलू गैस उपभोक्ताओं के लिये रिफिल की बुकिंग अंतिम बार प्रदाय की गई रिफिल के 21 दिन अवधि से बढाकर 25 दिन कर दी गई है। घरेलू गैस उपभोक्ता से अपील है कि वे धैर्य बनाये रखे। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सभी कम्पनियों के समस्त एलपीजी वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन घरेलू एलपीजी की उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही बुकिंग की जानकारी संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय, रतलाम में प्रतिदिन प्रात: 11 बजे तक प्रस्तुत करेंगे। समस्त वितरक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके डिलेवरी मेन/हॉकर उपभोक्ताओं से नियत शुल्क से अधिक राशि प्राप्त नहीं करेंगे । पैनिक बुकिंग की स्थिति में ऑयल कम्पनी के निर्देशानुसार डबल कनेक्शन की दशा में नियत समयावधि (25 दिन) अंतराल के उपरांत ही द्वितीय रिफिल डिलेवर करेंगे।

समस्त वितरक व्यवसायिक एलपीजी वितरण के संबंध में अनिवार्य सेवाओं चिकित्सालय, जेल एवं शैक्षणिक संस्थाओं को व्यवसायिक रिफिल का वितरण करेंगे। एलपीजी गैस वितरण के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण हेतु जिला कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) रतलाम में पृथक से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रात: 09:00 से सायं 06:00 बजे तक संचालित होगा। उक्त कन्ट्रोल रूम के व्हाटसएप नंबर 9691115274, 9425991291 है।

उपरोक्त के अतिरिक्त उपभोक्ता संबंधित गैस कम्पनी के हेल्पलाईन नंबर इण्डेन गैस 1800-2333-555 भारत गैस 1800-22-4344 एवं एचपी गैस 1800-2333-555/एलपीजी हेल्पलाईन नंबर 1906 पर भी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे।

## नेशनल लोक अदालत की 33 खण्डपीठों में होंगे 14 हजार से अधिक प्रकरणों के निराकरण

**विदिशा ( निप्र )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर प्रस्थान कराया। यह कार्यक्रम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर में आयोजित होगा, जिसमें विशेष न्यायाधीश जी.सी. शर्मा सहित न्यायालय के समस्त न्यायाधीश उपस्थित रहेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द सिंह तोमर ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत के लिए जिले में कुल 33 खण्डपीठों का गठन किया गया है। इनमें 13,290 प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा 1,307 न्यायालयों में लंबित प्रकरण निराकरण हेतु रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में संपत्ति कर, जल कर, बैंक से संबंधित मामलों सहित विभिन्न प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। साथ ही कई प्रकरणों में ब्याज एवं अधिभार की राशि में छूट का भी प्रावधान रहेगा।

## मंदसौर की झील गुप्ता बनी सिविल जज गुजरात में हासिल किया 11 वां स्थान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर :** जिले के लिए गर्व की बात है कि मंदसौर निवासी सुश्री झील गुप्ता ने गुजरात प्रदेश में आयोजित सिविल जज परीक्षा में 11वां स्थान प्राप्त कर शहर और परिवार का नाम रोशन किया है।



झील गुप्ता, जिला सहकारी बैंक मंदसौर शाखा के शाखा प्रबंधक राजेंद्र लक्ष्मीनारायण गुप्ता की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और शहरवासियों में खुशी का माहौल है। अपनी सफलता पर झील गुप्ता ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने लंबे समय तक निरंतर मेहनत और लगन के साथ तैयारी की। उन्होंने कहा कि तैयारी के दौरान कई चुनौतियां भी सामने आईं, लेकिन परिवार और शिक्षकों के सहयोग तथा आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने इन सभी कठिनाइयों को पार किया। झील गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और परिवारजनों को दिया। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और विषयों की गहराई से समझ विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया। छात्रों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि जो युवा सिविल जज बनने का सपना देखते हैं, उन्हें निरंतर मेहनत, धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। भविष्य की योजनाओं को लेकर झील गुप्ता ने कहा कि जज के रूप में वे न्याय व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने तथा आम लोगों को शीघ्र और निष्पक्ष न्याय दिलाने की दिशा में कार्य करना चाहती हैं। झील गुप्ता की इस उपलब्धि पर शहर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों, परिजनों और मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मोबाइल कोर्ट की कार्रवाईः यातायात नियम उल्लंघन पर 31, 700 रुपए जुर्माना वसूला



विदिशा (निप्र)। विदिशा नगर में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। यह कार्रवाई प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के नेतृत्व में संपन्न हुई। मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके द्वारा की गई। मोबाइल कोर्ट के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कादिर खान एवं साकेत जैन भी उपस्थित रहे। इस कार्रवाई में यातायात थाना प्रभारी आशीष राय द्वारा प्रस्तुत 23 प्रकरणों पर सुनवाई की गई, जिनमें पक्षकारों से कुल 31,700 रु. की जुर्माना राशि वसूल की गई।

कार्रवाई के दौरान अधिकांश वाहन चालक बिना बीमा के वाहन चलाते हुए तथा दो पहिया वाहन चालक बिना हेल्मेट के पाए गए। मोबाइल कोर्ट में मौके पर ही प्रकरणों का निराकरण करते हुए संबंधित चालकों से जुर्माना वसूला गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी आनंद राज द्वारा पुलिस बल सहित सहयोग प्रदान किया गया। मोबाइल कोर्ट के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी जागरूक किया गया।

## राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए प्रिंस रैकवार का चयन

**गंज बासोदा।** राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के स्वयंसेवक प्रिंस रैकवार का चयन राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। इस शिविर का आयोजन चित्रकूट जिला सतना में दिनांक 8 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 तक किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चयनित स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। इस शिविर की संगठन व्यवस्था अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के द्वारा की जा रही है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के समन्वयक अनन्त कुमार सक्सैना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई प्रभारी राहुल सिंह परिहार के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है रासेयो प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि विदिशा के एसएटीआई कॉलेज में साक्षात्कार उपरांत प्रिंस रैकवार का चयन इस शिविर के लिए किया गया।

## सीएमओ ने सफाई दरोगाओं की बैठक ली

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर :** स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी को लेकर कल नपा सभागगृह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन ने सफाई दरोगाओ की बैठक ली ।





बैठक में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा एवं सभी 40 वार्डो के सफाई दरोगागण भी उपस्थीत थे ।बैठक मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुमन ने कहा की सभी सफाई दरोगा अपने कर्तव्य के प्रति सचेत रहे । प्रात:काल एवं दोपहर की पाली में दोनो समय कर्मचारियों की उपस्थिती अपने कर्तव्य स्थल पर रहना चाहिए ।सफाई कार्य के प्रति सभी कर्मचारी मुस्तेदी से कार्य करें ,यदि कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं या कार्य में लापरवाही करते हैं तो उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही करें । सफाई दरोगा पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ तालमेल बिठाकर वार्ड का प्रतिदिन भ्रमण करें और सफाई कार्य करायें । आगामी समय की स्वच्छता सर्वेक्षण होगा उसमें नपा को अच्छी रैंकिंग मिले इसके लिए कर्मचारी मुस्तेदी से अपने कार्य में लग जाऐं । जहां भी गंदगी दिखे उसे साफ कराए, यदि नागरिकों को समझाईश देने की जरूरत पड़े तो उनसे चर्चा करें लेकिन सफाई का कार्य सुनिश्चित होना चाहिए ।नगर पालिका जहॉ भी आवश्यक होगा वहां रात्रि कालीन सफाई करायगी और कर्मचारियों को जो भी ससांधन देने जरूरी होगे वे समय पर उपलब्ध हों जाएगे इसलिए संसाधन की चिंता न करें । किसी भी हाल में सफाई के कार्य में लापरवाही नही रहना चाहिए । सभी 40 वार्डों के दरोगा स्वच्छ सर्वेक्षण की महत्वपूर्ण इकाई है हमें पूरी मुस्तेदी से कार्य कर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की परिषद को पूरे प्रदेश में स्वच्छता सम्मान मिले ऐसा कार्य करना है ।

## भाजपा कोर कमेटी की पहली बैठक में नियमों की अनदेखी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय ने अभी कुछ ही दिन पहले जिला कोर कमेटी के गठन को लेकर सख्त और स्पष्ट गाइडलाइन जारी की थी, लेकिन सीहोर भाजपा ने पहली ही बैठक में इन नियमों की अनदेखी कर दी है।



राजधानी भोपाल में मंगलवार को आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के प्रोटोकॉल को दरकिनार कर दिया है। प्रदेश नेतृत्व ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिला कोर ग्रुप में केवल विशिष्ट पदों पर आसीन व्यक्ति मंत्री, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष और तय पदाधिकारी ही शामिल होंगे। यहां तक कि जिले के महामंत्री तक इस कमेटी में नहीं रहेंगे, लेकिन नियमों की अनदेखी करते हुए इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा के पति सुरेंद्र मेवाड़ा भी शामिल हुए। पार्टी के भीतर अब यह सवाल उठ रहा है कि जब निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए ही इस कमेटी में स्थान तय है तो उनके परिजनों या प्रतिनिधियों को इस गोपनीय और रणनीतिक बैठक में किस हैसियत से प्रवेश दिया गया।

**महामंत्रियों की छुट्टी, पर बाहरी को छूट:** प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा जारी नई व्यवस्था के अनुसार वर्तमान कार्यकारिणी के तीनों महामंत्रियों पंकज गुप्ता, जितेंद्र गौड़ और तारा कटारिया को कोर कमेटी से बाहर रखा गया है। जहां संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के लिए दरवाजे बंद कर दिए गए, वहीं नियम विरुद्ध तरीके से अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष और चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

**इस कमेटी के यह दिग्गज शामिल :** सीहोर जिले की भाजपा राजनीति की दिशा तय करने वाली इस कमेटी में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, रमाकांत भार्गव, करण सिंह वर्मा और गोपाल सिंह इंजीनियर के अलावा सांसद शिवराज सिंह चौहान, आलोक शर्मा और महेंद्र सिंह सोलंकी को शामिल हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम यादव और रवि मालवीय भी इस टीम का हिस्सा हैं।

**अनुशासन पर उठ रहे सवाल:** भाजपा खुद को कैडर बेस्ड और अनुशासित पार्टी कहती है, लेकिन पहली ही बैठक में जिस तरह से कोर कमेटी की गोपनीयता और गाइडलाइन के साथ समझौता किया गया, उसने जिला नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रदेश नेतृत्व इस मामले में क्या संज्ञान लेता है।

**वह इस टीम का हिस्सा नहीं:** जिला भाजपा प्रभारी विकास वीरानी ने बताया कि कोर कमेटी में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा शामिल हैं, उनके पति सुरेन्द्र मेवाड़ा इस कमेटी का हिस्सा नहीं हैं। रही बात इस बैठक की तो वे यूं ही बैठ गए थे।

## जनसुनवाई में प्राप्त 147 में से 89 आवेदनों का हुआ निराकरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित



कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 89 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

जनसुनवाई में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने आवास दिलाने,भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेयजल समस्या, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, आवास, बिजली तथा खाद्य विभाग सहित अन्य विभागीय समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

**जनसुनवाई में स्वास्थ्य परीक्षण आदि की भी व्यवस्था :** जनसुनवाई में आने वाले नागरिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण, रोगों के उपचार हेतु आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता की व्यवस्था सहित ई-केवाईसी, आधार कार्ड से संबंधित कार्य, समग्र आईडी की जानकारी एवं सुधार जैसी सेवाएं भी मौके पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन लिखने की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। जिससे वे अपनी समस्या को सही तरीके से प्रस्तुत कर सकें। विशेष रूप से दिव्यांग आवेदकों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।